रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-जी.जे.-अ.-01112022-239959
CG-GJ-E-01112022-239959

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 533] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 31, 2022/कार्तिक 9, 1944
No. 533] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 31, 2022/KARTIKA 9, 1944

## अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण

## अधिसूचना

गांधीनगर, 28 अक्तूबर, 2022

**सं. आईएफएससीए/2022-23/जीएन/जीएल001-**अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (धन शोधन विरोधी/आतंकवाद वित्तपोषण प्रतिषेध और अपने ग्राहक को जानिए) दिशानिर्देश, 2022

### विषय सूची


| क्र. सं. | अध्याय | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्याय - I | प्रयोज्यता, परिभाषाएं और उत्तरदायित्व | 5-16 |
| 2. | अध्याय - II | जोखिम आधारित उपागम | 17-18 |
| 3. | अध्याय - III | व्यापार जोखिम मूल्यांकन | 19-21 |
| 4. | अध्याय - IV | ग्राहक जोखिम मूल्यांकन | 22-26 |
| 5. | अध्याय - V | ग्राहक यथोचित कर्मठता | 27-51 |
| 6. | अध्याय -VI | तृतीय पक्ष निर्भरता | 52-54 |
| 7. | अध्याय-VII | तदनुरुपी बैंकिंग और वायर ट्रांसफर | 55-60 |
| 8. | अध्याय- VIII | आंतरिक नीतियां, अनुपालन, लेखा-परीक्षा और प्रशिक्षण | 61-64 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | अध्याय - IX | अभिलेख रखना | 65-67 |
| 10. | अध्याय- X | संदिग्ध लेन-देन की पहचान करने और इसे रिपोर्ट करने की प्रक्रिया | 68-74 |
| 11. | अध्याय -XI | अंतरराष्ट्रीय समझौतों और देशीय विधियों के अधीन अनुपालन दायित्व | 75-79 |
| 12. | अध्याय - XII | समूह, शाखाएं और सहायक कार्यालय | 80-81 |
| 13. | अनुबंध - 1 | सीडीडी प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन | 82-87 |
| 14. | अनुबंध - 2 | भारतीय नागरिकों के लिए सीडीडी अपेक्षाएं | 88-93 |


**संक्षिप्ताक्षरों का सूचकांक**

| क्र.सं. | संक्षिप्ताक्षर | पूर्ण रूप |
|---|---|---|
| 1. | एएमएलसीएफटी/ | धन शोधन विरोधी/आतंकवाद वित्तपोषण का प्रतिषेध (*आतंकवाद वित्तपोषण का प्रतिषेध करने के लिए भी प्रयोग किया जाता है*) |
| 2. | बीएफ | व्यापार सुविधाकर्ता |
| 3. | बीओ | लाभकारी स्वामी |
| 4. | सीडीडी | ग्राहक यथोचित कर्मठता |
| 5. | सीकेवाईसीआर | केंद्रीय अपने ग्राहक को जानिए अभिलेख रजिस्ट्री |
| 6. | सीआरएस | सामान्य रिपोर्टिंग मानक |
| 7. | ईसीडीडी | वर्धित ग्राहक यथोचित कर्मठता |
| 8. | एफएटीसीए | विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम |
| 9. | एफएटीएफ | वित्तीय कार्रवाई कृत्तिक बल |
| 10. | एफआईयूआईएनडी- | वित्तीय आसुचना इकाई- भारत |
| 11. | केवाईसी | अपने ग्राहक को जानिए |
| 12. | आईएफएससी | अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र |
| 13. | आईएफएससीए | अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण |
| 14. | एमएल/टीएफ | धन शोधन/आतंकवादी वित्तपोषण |
| 15. | एनपीओ | निर्लाभ संगठन |
| 16. | एनआरआई | प्रवासी भारतीय |
| 17. | ओवीडी | आधिकारिक रूप से मान्य दस्तावेज़ |
| 18. | पीईपी | राजनीतिक रूप से सजग व्यक्ति |
| 19. | आरबीए | जोखिम आधारित उपागम |
| 20. | आरई | विनियमित एंटिटी |
| 21. | एससीडीडी | सरलीकृत ग्राहक यथोचित कर्मठता |
| 22. | एसटीआर | संदिग्ध लेन-देन रिपोर्ट |
| 23. | वी-सीआईपी | विडियो-ग्राहक पहचान प्रक्रिया |

| | | |
|---|---|---|
| 24. | एनटीआर | गैर लाभकारी लेन-देन रिपोर्ट |
| 25. | यूएपीए | गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 |
| 26. | यूएनएससी | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद |

## अध्याय 1

## विनियमित एंटिटी की प्रयोज्यता, परिभाषाएं और कर्तव्य

### 1.1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ

इन दिशानिदेशों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (धन शोधन विरोधी, आतंकवाद वित्तपोषण प्रतिषेध और अपने ग्राहक को जानिए) दिशानिदेश, 2022 कहा जाएगा और ये आधिकारिक राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

### 1.2. प्रयोज्यता

1.2.1 इन दिशानिदेशों के उपबंध अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा लाइसेंस, मान्यता प्राप्त या पंजीकृत प्रत्येक विनियमित एंटिटी पर और इसके द्वारा अधिकृत विनियमित एंटिटी पर भी निर्दिष्ट सीमा तक लागू होंगे।

1..2 इन दिशानिदेशों के प्रावधान विनियमित एंटिटी के वित्तीय समूह पर भी उस सीमा तक लागू होंगे, जैसा अध्याय-XII में निर्दिष्ट है।

### 1.3. परिभाषाएं

इन दिशानिदेशों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

1.3.1 "अधिनियम" और "नियम" का अभिप्राय क्रमशः धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 और धन शोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 से है।

`1.3.2 "प्राधिकरण" या "आईएफएससीए" का अभिप्राय अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 (2019 का 50) की धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण से है।

1.3.3. "लाभकारी स्वामी" का अभिप्राय निम्नांकित से है: -

(क) जहां ग्राहक एक कंपनी है, लाभकारी स्वामी

व्यक्ति है, जो चाहे अकेले या साथ में, या एक या अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से काम कर रहा है, जिसके नियंत्रणकारी स्वामित्व हित हैं या जो अन्य माध्यमों से नियंत्रण का प्रयोग करता है।

*स्पष्टीकरण-* इस उपखंड के प्रयोजन के लिए-

(i) "नियंत्रणकारी स्वामित्व हित" का अभिप्राय कंपनी के शेयरों या पूंजी या मुनाफे का पच्चीस प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व या अधिकार से है;

(ii) "नियंत्रण" में अधिकांश निदेशकों को नियुक्त करने या प्रबंधन या नीतिगत निर्णयों को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा, जिसमें उनकी शेयरधारिता या प्रबंधन अधिकार या शेयरधारक समझौता या मतदान समझौता शामिल हैं;

(ख) जहां ग्राहक साझेदारी फर्म है, लाभकारी स्वामी ऐसा स्थानीय व्यक्ति है, जो अकेले या एक साथ, या एक या अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से कार्य कर रहा है, उसका साझेदारी की पूंजी या लाभ के पंद्रह प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व/अधिकार है;

(ग) जहां ग्राहक अनिगमित संघ या व्यक्तियों का निकाय है, लाभकारी स्वामी ऐसा स्थानीय व्यक्ति है, जो अकेले या एक साथ, या एक या अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से कार्य कर रहा है, जिसके पास अनिगमित संघ या व्यक्तियों के निकाय की संपत्ति या पूंजी या लाभ के पंद्रह प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व या अधिकार है;

स्पष्टीकरण: 'व्यक्तियों का निकाय' शब्द में समाज शामिल हैं। जहां ऊपर (क) से (ग) के अधीन किसी भी स्थानीय व्यक्ति की पहचान नहीं की जाती, उस दशा में लाभकारी स्वामी प्रासंगिक स्थानीय व्यक्ति होता है जो वरिष्ठ प्रबंध अधिकारी का पद धारण करता है।

(घ) जहां ग्राहक एक ट्रस्ट है, वहां लाभकारी स्वामी (स्वामियों) की पहचान में ट्रस्ट के लेखक, ट्रस्टी, ट्रस्ट में पंद्रह प्रतिशत या अधिक हित वाले लाभार्थी और श्रृंखला के माध्यम से ट्रस्ट पर नियंत्रण या स्वामित्व की अंतिम प्रभावी नियंत्रण का प्रयोग करने वाले किसी भी अन्य स्थानीय व्यक्ति के साथ लाभार्थियों की पहचान शामिल होगी।

*स्पष्टीकरण*:- हिताधिकारी स्वामी के निर्धारण के उद्देश्य से नियम 9 के उपनियम 3 के अंतर्गत किया गया कोई भी संशोधन इन दिशानिदेशों के अधीन अपेक्षाओं के अतिरिक्त लागू होगा।

**1.3.4** "लाभार्थी संस्थान" का अभिप्राय उस वित्तीय संस्थान से है जो आदेश देने वाले संस्थान से सीधे या किसी मध्यस्थ संस्थान के माध्यम से वायर ट्रांसफर प्राप्त करता है, और वायर ट्रांसफर लाभार्थी को धन उपलब्ध कराता है।

**1.3.5** "व्यावसाय सुविधाकर्ता" का अभिप्राय ऐसे व्यक्ति से है जिसेविनियमित एंटिटी द्वारा इसके साथ खाता खोलने के लिए ग्राहक द्वारा प्रदान की गई जानकारी/आधिकारिक रूप से मान्य दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

**1.3.6** "केंद्रीय अपने ग्राहक को जानिए अभिलेख रजिस्ट्री" का अभिप्राय नियमों के नियम 2 (1) (कग) के अधीन परिभाषित एंटिटी से है, जो डिजिटल रूप में ग्राहक के केवाईसी अभिलेख प्राप्त करने, भंडारित करने, सुरक्षित रखने और उसे पुनर्प्राप्त करने के लिए अधिकृत है।

**1.3.7** "प्रमाणित प्रति" का अभिप्राय है ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए मूल आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज़ की उसकी प्रति से तुलना करना और उसे विनियमित एंटिटी के अधिकृत अधिकारी द्वारा 'स्वच्छ प्रति' के रूप में अभिलेखित करना।

बशर्ते कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित अनिवासी व्यक्तियों के मामले में, प्रमाणीकरण निम्नलिखित द्वारा किया जा सकता है:

(i) वित्तीय कार्रवाई कृतिक बल (एफएटीएफ) के अनुपालन क्षेत्राधिकार में स्थित बैंक का अधिकृत अधिकारी जिसके साथ व्यक्ति का बैंकिंग संबंध है; वित्तीय कार्रवाई कृतिक बल (एफएटीएफ) के अनुपालन क्षेत्राधिकार में स्थित बैंक का अधिकृत अधिकारी जिसके साथ व्यक्ति का बैंकिंग संबंध है;

(ii) नोटरी पब्लिक (भारत से बाहर);

(iii) कोर्ट मजिस्ट्रेट (भारत से बाहर);

(iv) न्यायाधीश (भारत से बाहर);

(v) प्रमाणित सार्वजनिक या व्यावसायिक लेखाकार (भारत से बाहर);

(vi) अधिवक्ता (भारत से बाहर);

(vii) जिस देश का अनिवासी व्यक्ति नागरिक है उसका दूतावास/महावाणिज्य दूतावास; या

(viii) प्राधिकरण द्वारा यथा-निर्दिष्ट कोई अन्य प्राधिकरण।

**1.3.8** "सामान्य रिपोर्टिंग मानक" का अभिप्राय ऐसे रिपोर्टिंग मानक से है जिसे कर मामलों में पारस्परिक प्रशासनिक सहायता पर अभिसमय के अनुच्छेद 6 के आधार पर स्वचालित रूप से सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए हस्ताक्षरित बहुपक्षीय समझौते के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित किया गया है।

**1.3.9** "कवर भुगतान" का अभिप्राय वायर ट्रांसफर से है जो आदेश देने वाली संस्था द्वारा सीधे लाभार्थी संस्थान को भेजे गए भुगतान संदेश को एक या अधिक मध्यस्थ संस्थानों के माध्यम से आदेश देने वाले संस्थान से लाभार्थी संस्थान तक फंडिंग निर्देश (कवर) की राउटिंग के साथ जोड़ता है।

**1.3.10** "क्रॉस-बॉर्डर वायर ट्रांसफर" का अभिप्राय ऐसे कोई भी वायर ट्रांसफर (वायर ट्रांसफर की श्रृंखला सहित) से है, जहां या तो ऑर्डर देने वाला संस्थान या लाभार्थी संस्थान आईएफएससी में स्थित है।

**1.3.11** इन दिशानिदेशों के प्रयोजन के लिए "ग्राहक" या "उपभोगता" का अभिप्राय ऐसा व्यक्ति हो जो विनियमित एंटिटी के साथ वित्तीय **लेन-देन** या कार्यकलाप में लगा हुआ है और इसमें ऐसा व्यक्ति शामिल है जिसकी ओर से लेन-देन या कार्यकलाप में शामिल व्यक्ति कार्य कर रहा है।

**1.3.12.** "नामित निदेशक" का अभिप्राय अधिनियम, नियमों और इन दिशानिदेशों के अध्याय IV के अधीन दिए गए दायित्वों के समग्र अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विनियमित एंटिटी द्वारा नामित व्यक्ति से है।

**1.3.13.** "डिजिटल केवाईसी" का अभिप्राय ग्राहक और उसके पास उपलब्ध आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज या आधार के साक्ष्य की उस स्थान के अक्षांश और देशांतर के साथ विनियमित एंटिटी के अधिकृत अधिकारी द्वारा ली जा रही लाइव फोटो से है, जहां अधिनियम में निहित उपबंधों के अनुसार इसे ऑफ़लाइन सत्यापित नहीं किया जा सकता है।

**1.3.14.** "डिजिटल हस्ताक्षर" का वही अभिप्राय होगा जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) की धारा (2) की उप-धारा (1) के खंड (त) में दिया गया है।

**1.3.15** "देशीय वायर ट्रांसफर" का अभिप्राय ऐसे वायर ट्रांसफर से है जहां ऑर्डर देने वाली संस्था और लाभार्थी संस्थान दोनों आईएफएससी में स्थित हैं और या वायर ट्रांसफर की किसी भी ऐसी श्रृंखला से संदर्भित है, जो पूरी तरह से आईएफएससी के भीतर होती है।

**1.3.16.** "समतुल्य ई-दस्तावेज़" का अभिप्राय दस्तावेज़ के इलेक्ट्रॉनिक समकक्ष से है, जो ऐसे दस्तावेज़ के जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा अपने वैध डिजिटल हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया हो, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (डिजिटल लॉकर सुविधाएं प्रदान करने वाले मध्यस्थों द्वारा सूचना का संरक्षण और प्रतिधारण) नियम, 2016 के नियम 9 के अनुसार ग्राहक के डिजिटल लॉकर खाते को जारी किए गए या प्राधिकरण द्वारा यथा-मान्यता प्राप्त अन्य क्षेत्राधिकारों में इसके समकक्ष दस्तावेज़ शामिल हैं।

**1.3.17.** "एफएटीसीए" का अभिप्राय संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) का विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम, 2010 से है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, अमेरिकी करदाताओं या विदेशी एंटिटियों द्वारा रखे गए वित्तीय खातों के बारे में रिपोर्ट करने के लिए वित्तीय संस्थानों की रिपोर्टिंग की आवश्यकता होती है, जिसमें अमेरिकी करदाताओं का पर्याप्त स्वामित्व हित निहित हो।

**1.3.18.** "वित्तीय समूह" का अभिप्राय एक ऐसे समूह से है जिसमें मूल कंपनी या किसी अन्य प्रकार का विधिक व्यक्ति शामिल है जो शेष समूह पर नियंत्रण और समन्वय कार्यों का प्रयोग करता है, साथ ही समूह स्तर पर शाखाएं और/या सहायक कंपनियां जो एएमएल/सीएफटी नीतियों और प्रक्रियाओं के अधीन हैं।

**1.3.19.** "वित्तीय आसूचना एंटिटी - भारत" भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय अभिकरण से संदर्भित है, जो अन्य बातों के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय **लेन-देन** से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, प्रसंस्करण, विश्लेषण और प्रसार के लिए उत्तरदायी है।

**1.3.20.** "शासी निकाय" का अभिप्राय निम्नांकित से है:

(क) कंपनी के संबंध में- निदेशक मंडल;

(ख) साझेदारी फर्म के संबंध में- भागीदार(रों);

(ग) सीमित देयता भागीदारी के संबंध में- किसी भी नामित भागीदार सहित भागीदार;

(घ) ट्रस्ट के संबंध में - प्रबंध न्यासी (न्यासियों); तथा

(ङ) अनिगमित संघ या व्यक्तियों के निकाय के संबंध में - प्रबंधन की समितियां या कोई भी जो ऐसे अनिगमित संघ या व्यक्तियों के निकाय (एक से अधिक व्यक्तियों से मिलकर) के मामलों को नियंत्रित और प्रबंधित करता है;

(च) शाखा के रूप में स्थापित विनियमित एंटिटी के संबंध में, विनियमित एंटिटी की मूल एंटिटी के शासी निकाय के प्राधिकरण के साथ शाखा स्तर पर गठित समिति।

**1.3.21.** "अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र" का अभिप्राय वही होगा जो आईएफएससीए अधिनियम, 2019 (2019 का 50) की धारा 3 की उप-धारा (1) के खंड (छ) के अधीन दिया गया है।

**1.3.22** "मध्यस्थ संस्थान" का अभिप्राय श्रंखला भुगतान या कवर भुगतान श्रृंखला में ऐसे वित्तीय संस्थान से है जो आदेश देने वाले संस्थान और लाभार्थी संस्थान, या किसी अन्य मध्यस्थ संस्थान की ओर से वायर ट्रांसफर प्राप्त करता है और प्रसारित करता है।

**1.3.23.** "अंतरराष्ट्रीय संगठन पीईपी" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है जिसे किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा प्रमुख कार्य सौंपा जाता है या सौंपा गया है।

*स्पष्टीकरण*: इसमें वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य या ऐसे व्यक्ति अर्थात निदेशक, उप निदेशक और बोर्ड के सदस्य या समकक्ष अधिकारी शामिल हो सकते हैं जिन्हें समकक्ष कार्य सौंपा गया है। अंतरराष्ट्रीय संगठन में एक से अधिक देशों की सरकारों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा स्थापित कोई भी संगठन शामिल होता है।

**1.3.24.** "अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) पहचानकर्ता" का अभिप्राय केंद्रीय अपने ग्राहक को जानिए अभिलेख रजिस्ट्री द्वारा ग्राहक को सौंपे गए अद्वितीय नंबर या कोड से है।

**1.3.25.** अधिनियम की धारा 3 के अधीन "धन शोधन" का अर्थ दिया गया है और "धन शोधन विरोधी" का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा, और इसमें आतंकवाद- वित्तपोषण प्रतिषेध और अन्य संबंधित उपाय शामिल होंगे।

**1.3.26.** "बेरुबरू ग्राहक" का अभिप्राय ऐसे ग्राहक से है जो विनियमित एंटिटी की शाखा/कार्यालयों में गए बिना या विनियमित एंटिटी के अधिकृत अधिकारियों/व्यक्तियों से मिले बिना खाते खोलते हैं।

**1.3.27.** "अलाभकारी संगठन" का अभिप्राय किसी भी ऐसी एंटिटी या संगठन से है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या किसी भी समान राज्य कानून या कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 8 के अधीन पंजीकृत कंपनी के अधीन ट्रस्ट या सोसायटी के रूप में पंजीकृत या किसी अन्य क्षेत्राधिकार से अन्य विधिक एंटिटी, जो अलाभकारी कार्यकलापों में संलिप्त है, और प्राधिकरण द्वारा इस रूप में मान्यता प्राप्त है।

**1.3.28.** "अनिवासी भारतीय" का वही अर्थ होगा जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन (जमा) विनियम, 2016 में परिभाषित है।

**1.3.29.** "आदेश देने वाला संस्थान" का अभिप्राय उस वित्तीय संस्थान से है जो वायर ट्रांसफर शुरू करता है और वायर ट्रांसफर प्रवर्तक की ओर से वायर ट्रांसफर के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर निधि अंतरित करता है।

**1.3.30** "आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज" का अर्थ है पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार नंबर धारिता प्रमाण, भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र या राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र जिसमें नाम, पता का विवरण निहित हो या नियामक के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा यथा-अधिसूचित कोई अन्य दस्तावेज शामिल हो;

बशर्ते कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में, राष्ट्रीय पहचान पत्र और मतदाता पहचान पत्र, चाहे जिस भी नाम से ज्ञात हो, विदेशी क्षेत्राधिकार की सरकार या उनके द्वारा अधिकृत अभिकरणों द्वारा जारी किया गया है, जो विदेशी नागरिक की तस्वीर, नाम, जन्म तिथि और पते को दर्शाता है, उसे आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेज के रूप में भी माना जाएगा।

बशर्ते यह भी कि, जहां ग्राहकों की पहचान के सत्यापन के लिए सरल उपाय लागू किए जाते हैं, वहां निम्नलिखित दस्तावेजों को भी 'आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज' माना जाएगा: -

(क) केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, वैधानिक/नियामक प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी आवेदक की तस्वीर के साथ पहचान पत्र;

(ख) व्यक्ति की विधिवत सत्यापित तस्वीर के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पत्र, ।

बशर्ते यह भी कि, जहां ग्राहक के पते के प्रमाण के सीमित उद्देश्य को सत्यापित करने के लिए सरलीकृत उपायों को लागू किया जाता है, जहां प्रत्याशित ग्राहक पते का कोई प्रमाण प्रस्तुत करने में असमर्थ है, निम्नलिखित दस्तावेजों को भी आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज माना जाएगा:

(i) उपयोगिता बिल जो किसी भी सेवा प्रदाता (बिजली, टेलीफोन, पोस्ट-पेड मोबाइल फोन, पाइप गैस, पानी का बिल) का दो महीने से अधिक पुराना न हो;

(ii) संपत्ति, नगरपालिका कर रसीद, नगर परिषद कर रसीद, या ऐसे अन्य समकक्ष दस्तावेज;

(iii) डाकघर बचत बैंक खाता विवरण या किसी विदेशी बैंक सहित किसी बैंक खाते का विवरण;

(iv) सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जारी पेंशन या पारिवारिक पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), यदि उनमें पता दिया गया है;

(v) राज्य सरकार या केंद्र सरकार के विभागों, वैधानिक या नियामक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा जारी नियोक्ता से आवास के आवंटन का पत्र और आधिकारिक आवास आवंटित करने वाले ऐसे नियोक्ताओं के साथ छुट्टी और लाइसेंस समझौते; तथा

बशर्ते यह भी कि यदि किसी विदेशी नागरिक द्वारा प्रस्तुत आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज में पते का विवरण शामिल नहीं है, तो ऐसे मामले में विदेशी क्षेत्राधिकार के सरकारी विभागों द्वारा जारी दस्तावेज और भारत में विदेशी दूतावास या मिशन द्वारा जारी पत्र को पते का प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा;

बशर्ते यह भी कि जहां ग्राहक आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज के रूप में आधार संख्या को धारित करने का प्रमाण प्रस्तुत करता है, वह इसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए फॉर्म में जमा कर सकता है।

*स्पष्टीकरण:* इस खंड के प्रयोजन के लिए, एक दस्तावेज़ को आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज़ माना जाएगा, भले ही इसके जारी होने के बाद नाम में कोई परिवर्तन गया हो, बशर्ते कि नाम के इस तरह के परिवर्तन का संकेत राज्य सरकार या राजपत्र अधिसूचना द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित हो।

1.3.31. "व्यक्ति" के अर्थ में निम्नांकित शामिल हैं:

(क) एक व्यैक्तिक;

(ख) हिंदू अविभाजित परिवार;

(ग) कोई कंपनी;

(घ) कोई साझेदारी फर्म;

(ड़) कोई सीमित देयता भागीदारी;

(च) व्यक्तियों का संघ या व्यक्तियों का निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं;

(छ) प्रत्येक कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति जो उपर्युक्त में से किसी के अंतर्गत नहीं आता है; तथा

(ज) उपर्युक्त में से किसी के स्वामित्व या नियंत्रण वाला कोई अभिकरण, कार्यालय या शाखा।

1.3.32 "आवधिक अद्यतनीकरण" का अर्थ यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम हैं कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट मौजूदा अभिलेख की समीक्षा करके ग्राहक यथोचित कर्मठताप्रक्रिया के अधीन एकत्र किए गए दस्तावेज़, डेटा या जानकारी को अद्यतित और प्रासंगिक रखा जाए।

1.3.33 "प्रधान अधिकारी" का अभिप्राय हैविनियमित एंटिटी द्वारा इस रूप में नामित ऐसे अधिकारी से है जो नियमों के नियम 8 के अधीन आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा।

1.3.34 "राजनीतिक रूप से सजग व्यक्ति" का अभिप्राय उन व्यक्तियों से है जिन्हें किसी भी देश द्वारा प्रमुख सार्वजनिक कार्य सौंपे गए हैं, जिनमें राज्य या सरकार के प्रमुख, वरिष्ठ राजनेता, वरिष्ठ सरकारी, न्यायिक या सैन्य अधिकारी, राज्य के स्वामित्व वाले निगमों के वरिष्ठ अधिकारी, महत्वपूर्ण राजनीतिक दल के अधिकारी या अंतरराष्ट्रीय संगठन राजनीतिक रूप से सजग व्यक्ति शामिल होंगे।

*स्पष्टीकरण:* राजनीतिक रूप से उजागर व्यक्ति की परिभाषा का उद्देश्य परिभाषा में मध्यम रैंकिंग या अधिक कनिष्ठ व्यक्तियों को शामिल करना नहीं है।

**1.3.35** "विनियमित एंटिटी" का अभिप्राय ऐसी इकाई/एंटिटी से है जिसे प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस, मान्यता, पंजीकरण या प्राधिकरण प्रदान किया गया है।

**1.3.36.** "वरिष्ठ प्रबंधन" का अभिप्राय है:

(क) विनियमित एंटिटी के संबंध में,

(i) भारत में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में एक निगमित एंटिटी के लिए,विनियमित एंटिटी के शासी निकाय का प्रत्येक सदस्य;

(ii) एक शाखा के लिए, वह व्यक्ति या व्यक्ति जो एक आईएफएससी मेंविनियमित एंटिटी के दिन-प्रतिदिन के संचालन को नियंत्रित करते हैं और इसमें ऐसे अन्य व्यक्ति शामिल हो सकते हैं जिन्हेंविनियमित एंटिटी द्वारा नामित किया जा सकता है।

(ख) एक ग्राहक के संबंध में, जो विधिक व्यक्ति है, उसके शासी निकाय का प्रत्येक सदस्य और वह व्यक्ति या व्यक्ति जो इसके दिन-प्रतिदिन के कार्यों को नियंत्रित करता/करते हैं।

**1.3.37.** "श्रृंखला भुगतान" का अर्थ है भुगतान की सीधी अनुक्रमिक श्रृंखला जहां वायर ट्रांसफर और साथ में भुगतान संदेश आदेश देने वाले संस्थान से सीधे या एक या अधिक मध्यस्थ संस्थानों के माध्यम से लाभार्थी संस्थान तक जाते हैं।

**1.3.38.** "शैल वित्तीय संस्थान" का अभिप्राय किसी ऐसे देश या क्षेत्राधिकार में निगमित, गठित या स्थापित बैंक या वित्तीय संस्थान से है जहां बैंक या वित्तीय संस्थान की कोई भौतिक उपस्थिति नहीं है, और जो प्रभावी पर्यवेक्षण के अधीन किसी वित्तीय समूह से संबद्ध नहीं है।

**1.3.39** "सीधे प्रसंस्करण के माध्यम से" का अभिप्राय ऐसे भुगतान **लेन-देन** से है जो शारीरिक हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित किए जाते हैं।

**1.3.40** "संदिग्ध लेन-देन" का अभिप्राय इन दिशानिदेशों में यथा-परिभाषित ऐसे "लेन-देन" से है, इसमें प्रयासित लेन-देन भी शामिल है, जो किसी व्यक्ति के भरोसे में किया गया हो-

(क) यह इस संदेह को उचित आधार देता है कि इसमें अधिनियम की अनुसूची में निर्दिष्ट अपराध की आय शामिल हो सकती है, चाहे इसमें निहित मूल्य कुछ भी हो; या

(ख) यह असामान्य या अनुचित जटिलता की परिस्थितियों में बना हुआ प्रतीत होता है; या

(ग) प्रतीत होता है कि इसके पीछे कोई आर्थिक तर्क या वास्तविक उद्देश्य नहीं है; या

(घ) यह इस संदेहको उचित आधार देता है कि इसमें आतंकवाद से संबंधित कार्यकलापों का वित्तपोषण शामिल हो सकता है;

*स्पष्टीकरण*: आतंकवाद से संबंधित कार्यकलापों के वित्तपोषण से जुड़े लेन-देन में ऐसे **लेन-देन** शामिल हैं जिनमें आतंकवाद, आतंकवादी कृत्यों या आतंकवादी, आतंकवादी संगठन या आतंकवाद को वित्तपोषित करने या वित्तपोषण करने का प्रयास करने वाले लोगों द्वारा धन से जुड़े या संबंधित होने या उपयोग किए जाने का संदेह है।

**1.3.41.** "लेन-देन" का अर्थ खरीद, बिक्री, ऋण, गिरवी, उपहार, हस्तांतरण, वितरण या उसकी व्यवस्था करना है और इसमें निम्नांकित शामिल हैं-

(क) खाता खोलना;

(ख) निधि का किसी भी मुद्रा में जमा, निकासी, विनिमय या हस्तांतरण, चाहे भुगतान आदेश या अन्य उपकरणों द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक या अन्य गैर-भौतिक माध्यमों से किया गया हो;

(ग) सुरक्षित जमा बॉक्स या सुरक्षित जमा के किसी अन्य रूप का उपयोग;

(घ) किसी भी भरोसेमंद संबंध में प्रवेश करना;

(ड़) किसी संविदात्मक या अन्य विधिक दायित्व के लिए, पूर्ण या आंशिक रूप से किया गया या प्राप्त किया गया कोई भुगतान; तथा

(च) विधिक व्यक्ति अथवा विधि व्यवस्था स्थापित करना या बनाना।

**1.3.42.** "अद्वितीय लेन-देन संदर्भ संख्या" का अर्थ भुगतान सेवा प्रदाता द्वारा वायर ट्रांसफर के लिए उपयोग किए जाने वाले भुगतान और निपटान प्रणाली या संदेश प्रणाली के प्रोटोकॉल के अनुसार निर्धारित अक्षरों, संख्याओं या प्रतीकों का संयोजन है, जो वायर ट्रांसफर का पता लगाने की अनुमति देता है .

**1.3.43.** "वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया" या "वी-सीआईपी" का अर्थ ग्राहक की समुचित कर्मठता के उद्देश्य के लिए आवश्यक पहचान जानकारी प्राप्त करने और स्वतंत्र सत्यापन और प्रक्रिया के लेखा-परीक्षा ट्रेल को बनाए रखने के माध्यम सेविनियमित एंटिटी के अधिकृत अधिकारी द्वारा ग्राहक द्वारा दी गई जानकारी की सत्यता का पता लगाने के लिए ग्राहक के साथ निर्बाध, सुरक्षित, लाइव, सूचित और सहमति आधारित श्रवण-दृश्य बातचीत करके चेहरे की पहचान और ग्राहक की समुचित कर्मठता के साथ ग्राहक की पहचान का वैकल्पिक तरीका है।

***स्पष्टीकरण:-*** निर्धारित मानकों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करने वाली ऐसी प्रक्रियाओं को इन दिशानिदेशों के प्रयोजन के लिए सम्मुख ग्राहक पहचान प्रक्रिया के समान माना जाएगा।

**1.3.44.** "वायर ट्रांसफर" का अर्थ किसी वित्तीय संस्थान के माध्यम से वायर ट्रांसफर प्रवर्तक की ओर से लाभार्थी संस्थान में लाभार्थी व्यक्ति को धन की राशि उपलब्ध कराने की दृष्टि से किया गया लेन-देन है, चाहे प्रवर्तक और लाभार्थी एक ही व्यक्ति क्यों न हो।

**1.3.45.** "वायर ट्रांसफर लाभार्थी" का अर्थ है स्थानीय व्यक्ति, विधिक व्यक्ति या विधिक व्यवस्था जिसे वायर ट्रांसफर प्रवर्तक द्वारा वायर ट्रांसफर निधि के प्राप्तकर्ता के रूप में पहचाना जाता है।

**1.3.46.** "वायर ट्रांसफर प्रवर्तक" का अभिप्राय उस खाता धारक से है जो उस खाते से वायर ट्रांसफर की अनुमति देता है; या जहां कोई खाता नहीं है, स्थानीय व्यक्ति, विधिक व्यक्ति या विधिक व्यवस्था जो वायर ट्रांसफर करने के लिए आदेश देने वाली संस्था के साथ वायर ट्रांसफर का ऑर्डर देती है।

**1.4.** इन दिशानिदेशों में उपयोग किए गए लेकिन परिभाषित नहीं किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अभिप्राय होगा जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019, धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002, धन शोधन निवारण (अभिलेखों

का रखरखाव) नियम, 2005 और इसके अधीन बनाए गए विनियमों, कतिपय सांविधिक संशोधन या उसका पुन:अधिनियमन, जैसा भी मामला हो, या वाणिज्यिक बोलचाल में यथा उपयुक्त शब्दों में किया जाता है, के अधीन दिया गया है।

**1.5. विनियमित एंटिटी के कर्तव्य**

(क) प्रत्येक विनियमित एंटिटी एएमएल-सीएफटी नीति तैयार करेगी, जिसे शासी निकाय या उस समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित किया जाएगा जिसे शासी निकाय द्वारा ऐसी शक्ति सौंपी गई है। प्रत्येक विनियमित एंटिटी एएमएल-सीएफटी नीति तैयार करते समय, इन दिशानिदेशों के प्रमुख सिद्धांतों या तत्वों को समाविष्ट करेगी।

(ख) इसके अतिरिक्त, प्रत्येक विनियमित एंटिटी केवाईसी नीति विकसित करेगी जो उसकी एएमएल-सीएफटी नीति का हिस्सा होगी।

(ग) विनियमित एंटिटी के वरिष्ठ प्रबंधन का प्रत्येक सदस्य इन दिशानिदेशों के अधीन विनियमित एंटिटी के अनुपालन के लिए उत्तरदायी होगा। इन दिशानिदेशों के अधीन अपने उत्तरदायित्वों को निभाते हुए विनियमित एंटिटी के वरिष्ठ प्रबंधन के प्रत्येक सदस्य को उचित कौशल, देखभाल और परिश्रम का प्रयोग करना चाहिए।

## अध्याय 2

## जोखिम आधारित दृष्टिकोण

2.1. (क) इन दिशानिदेशों का प्राथमिक जोर व्यवसाय की प्रकृति और कतिपय प्रकार के ग्राहकों, देशों या भौगोलिक क्षेत्रों, उत्पादों, सेवाओं, लेन-देन, या वितरण चैनलों आदि के साथ संपर्क या भागीदारी और उनके दस्तावेजीकरण के आधार पर धन शोधन (एमएल) और आतंकवादी वित्तपोषण (टीएफ) जोखिम, जोविनियमित एंटिटी के समक्ष आते हैं, की पहचान करने और मूल्यांकन करने के लिए विनियमित एंटिटी को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण (आरबीए) अपनाने के लिए सक्षम बनाने पर है। विनियमित एंटिटी आरबीए को अपनाते समय यह सुनिश्चित करेगी कि:

(i) आरबीए वस्तुनिष्ठ और जोखिमों के अनुपात में है;

(ii) आरबीए उचित कारणों पर आधारित है; तथा

(iii) आरबीए की समीक्षा की जाती है और इसे उचित अंतराल पर अद्यतन किया जाता है।

(ख) आरबीए व्यवसाय की प्रकृति और आकार के लिए उपयुक्त होगा। आरबीए को लागू करते समय, विनियमित एंटिटी समग्र जोखिम तय करने से पहले सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों पर विचार करेगी। जोखिम मूल्यांकन के आधार पर, विनियमित एंटिटी प्रभावी, उचित और आनुपातिक उपायों को लागू करके उन जोखिमों, जो इसके समक्ष आते हैं, की निगरानी, प्रबंधन करके उन्हें कम करेगी।

(ग) विनियमित एंटिटी व्यैक्तिक ग्राहक द्वारा प्रस्तुत एमएल/टीएफ जोखिमों, जहां भी लागू हो, का आकलन करने के अलावा, उद्यम-व्यापी स्तर पर एमएल/टीएफ जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन भी करेगी। इसमें विनियमित एंटिटी के एमएल/टीएफ जोखिम धारणा, जो इसकी सभी व्यावसायिक इकाइयों, उत्पाद लाइनों और वितरण चैनलों में विद्यमान है का समेकित मूल्यांकन शामिल होगा।

***स्पष्टीकरण***: एफएटीएफ जोखिम मूल्यांकन में सार्वजनिक वक्तव्य, एफएटीएफ द्वारा जारी एएमएल/सीएफटी/पीएफ पर रिपोर्ट और मार्गदर्शन नोट और समय-समय पर संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रसारित की जाने वाली कोई भी देश विशिष्ट जानकारी, साथ ही साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विभिन्न प्रस्तावों के अधीन अपेक्षित उपायों को संस्वीकृति के अध्यधीन, स्थानीय और विधिक व्यक्तियों की अद्यतन सूची आदि का उपयोग भी किया जा सकता है।

(घ) विनियमित एंटिटी द्वारा जोखिम मूल्यांकन के परिणाम को समुचित रूप से प्रलेखित किया जाएगा। प्रलेखन में उद्यम-व्यापी एएमएल/सीएफटी जोखिम मूल्यांकन, जहां भी लागू हो, एएमएल/सीएफटी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन का विवरण और एएमएल/सीएफटी जोखिम मूल्यांकन द्वारा निर्देशित नियंत्रण शामिल होना चाहिए। विनियमित एंटिटी यह सुनिश्चित करेगी कि अनुरोध पर प्राधिकरण को एमएल/टीएफ जोखिम मूल्यांकन जानकारी उपलब्ध कराई जाए। प्रलेखित जोखिम मूल्यांकन के अभिलेख इन दिशानिदेशों के अधीन निर्दिष्ट अभिलेखन प्रक्रिया की अपेक्षाओं के अनुसार रखे जाएंगे।

(ङ) जोखिम मूल्यांकन के परिणाम का उपयोग एमएल/टीएफ जोखिमों को निम्न, मध्यम और उच्च रूप में वर्गीकृत करने के लिए किया जाएगा। इस वर्गीकरण का सामान्य सिद्धांत उच्च जोखिम वाले ग्राहकों के मामले में बढ़े हुए उपायों को लागू करना और कम जोखिम वाले ग्राहकों के मामले में सरल उपायों को लागू करना है।

(च) विनियमित एंटिटी जोखिम मूल्यांकन को अद्यतन रखने के लिए, हर दो वर्ष में कम से कम एक बार या जब कोई महत्वपूर्ण प्रतिक्रियाकारी घटना होती है, जो भी पहले हो, अपने जोखिम मूल्यांकन की समीक्षा करेगी। अभ्यास के परिणाम को शासी निकाय या विनियमित एंटिटी की ऐसी अन्य समिति, जिसे इस संबंध में शक्ति प्रत्यायोजित की गई है, को प्रस्तुत किया जाएगा।

**दिशानिदेश लेख: -**

विनियमित एंटिटी की एएमएल-सीएफटी अनुपालन संस्कृति में आरबीए आवश्यक आधार होना चाहिए, और इसे वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर से बाकी संगठन तक ले जाया जाना चाहिए।

**अध्याय III**

**व्यापार जोखिम आकलन**

3.1. व्यापार एएमएल जोखिमों की पहचान करना और उनका आकलन करना

विनियमित एंटिटी निम्नांकित करेगी:

(क) इसकी व्यावसायिक कार्यकलापों की प्रकृति, आकार और जटिलता को ध्यान में रखना और एमएल टीएफ जोखिमों के / क्त कदम उठानाजोखिम की पहचान करने के लिए उपयु;

(ख) एमएल/टीएफ जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करते समय, लागू और प्रासंगिक सीमा तक निम्नलिखित जोखिम कारकों पर विचार करें: -

(i) इसके प्रकार के ग्राहक और उनकी कार्यकलापयाँ;

(ii) देशों या भौगोलिक क्षेत्रों के साथ इसका व्यावसायिक जुड़ाव;

(iii) इसके उत्पाद, सेवाएं, वितरण चैनल और कार्यकलाप

प्रोफाइल;

(iv) इसके लेन-देन की जटिलता और मात्रा;

(v) नए उत्पादों और नई व्यावसायिक प्रथाओं का

विकास, जिसमें नए वितरण तंत्र, चैनल और भागीदार शामिल हैं; तथा

(vi) नए और पहले से मौजूद दोनों उत्पादों के लिए नई या विकासशील प्रौद्योगिकियों का उपयोग;

(ग) उपर्युक्त खंड (क) और (ख) में किए गए मूल्यांकन और जोखिम पहचान के आधार पर,विनियमित एंटिटी कम करने के अनुरूप उपाय करेगी।

3.2. नए उत्पाद, व्यवसाय प्रथाएं और प्रौद्योगिकियां

(क) विनियमित एंटिटी एमएल और टीएफ जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करेगी जो निम्नलिखित के संबंध में उत्पन्न हो सकते हैं: -

(i) नए वितरण तंत्र सहित नए उत्पादों, व्यवसाय प्रथाओं का विकास; तथा

(ii) नए और पहले से मौजूद दोनों उत्पादों के लिए नई या विकासशील प्रौद्योगिकियों का उपयोग।

(ख) विनियमित एंटिटी ऐसे उत्पादों, प्रथाओं और प्रौद्योगिकियों के शुभारंभ या उपयोग से पहले उपर्युक्तजोखिम मूल्यांकन अभ्यास करेगी और जोखिमों को प्रबंधित करने और कम करने के लिए उचित उपाय करेगी।

**<u>दिशानिदेश लेख: -</u>**

(1) व्यावसायिक जोखिम मूल्यांकन का अभ्यास करने के प्रमुख कारणों में से एक यह है कि यह विनियमित एंटिटी को एम/टीएफ जोखिमों के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करेगा और फिर एमएल/टीएफ के उद्देश्यों के लिए अपने व्यवसाय का उपयोग करने से रोकने के लिए उचित उपाय करेगा। विनियमित एंटिटी का जोखिम भिन्न-भिन्न होता है और कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि व्यवसाय की प्रकृति, ग्राहकों का प्रकार, उत्पादों की प्रकृति, सेवाओं की पेशकश, और लेन-देन और वितरण चैनल शामिल हैं।

(2) व्यावसायिक जोखिम मूल्यांकन के परिणाम का उपयोग विनियमित एंटिटी द्वारा एमएल/टीएफ जोखिमों के प्रति अपनी कमियों का आकलन करने और ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए किया जाना चाहिए।

(3) अध्याय IV के अंतर्गत निर्दिष्ट तरीके से, ग्राहक जोखिम मूल्यांकन का आकलन करते समय व्यावसायिक जोखिम मूल्यांकन के परिणाम को ध्यान में रखा जाएगा।

### 3.3. एएमएल/सीएफटी सिस्टम और नियंत्रण

(क) विनियमित एंटिटी द्वारा कार्यान्वित एएमएल/सीएफटी प्रणालियों और नियंत्रणों की प्रकृति और सीमा उद्यम-व्यापी एमएल/टीएफ जोखिम मूल्यांकन, जहां कहीं लागू हो, के माध्यम से पहचाने गए एमएल/टीएफ जोखिमों के अनुरूप होगी। एक विनियमित एंटिटी ऐसे एमएल/टीएफ जोखिमों को कम करने के लिए पर्याप्त नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियंत्रणों को स्थापित करेगी। जोखिम मूल्यांकन से प्राप्त जानकारी का उपयोग निम्न के लिए किया जाएगा:

(i) एमएल/टीएफ को रोकने के लिए प्रभावी नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियंत्रणों की स्थापना और रखरखाव;

(ii) सुनिश्चित करें किविनियमित एंटिटी की एएमएल/सीएफटी नीतियां, प्रक्रियाएं, प्रणालियां और नियंत्रण उपर्युक्त खंड 3.1 के अधीन पहचाने गए जोखिमों को पर्याप्त रूप से कम करते हैं;

(iii) सुनिश्चित करें कि विनियमित एंटिटी के सिस्टम और नियंत्रण:

(कक) अपने वरिष्ठ प्रबंधन को अपने एएमएल सिस्टम और नियंत्रणों के संचालन और प्रभावशीलता पर नियमित रूप से जानकारी की समीक्षा करने में सक्षम बनाने वाला प्रावधान शामिल करें;

(खख) विनियमित एंटिटी को यह निर्धारित करने में सक्षम बनाता है:

(1) क्या ग्राहक या लाभकारी स्वामी राजनीतिक रूप से उजागर व्यक्ति (पीईपी) है; तथा

(2) क्या पॉलिसी का लाभार्थी, या ऐसे लाभार्थी का लाभकारी स्वामी पीईपी है, (उन मामलों में जहां यह जीवन बीमा या अन्य समान नीतियां प्रदान कर रहा है); तथा

(3) इन दिशानिदेशों और लागू एएमएल-सीएफटी विधानों का अनुपालन करने के लिए विनियमित एंटिटी को सक्षम बनाना।

(iv) सुनिश्चित करें कि नियमित जोखिम मूल्यांकन विनियमित एंटिटी की एएमएल/सीएफटी प्रणालियों और नियंत्रणों की पर्याप्तता पर किया जाता है ताकि यह ऐसे जोखिमों की पर्याप्त रूप से पहचान, मूल्यांकन, निगरानी, प्रबंधन और उन्हें कम करने में सक्षम हो सके।

(ख) एएमएल/सीएफटी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया जाएगा ताकि विनियमित एंटिटी को प्रभावी ढंग से जोखिम का प्रबंधन और कम करने में सक्षम बनाया जा सके या तो प्राधिकरण या अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा इसे अधिसूचित किया जा सके। इसके अलावा, विनियमित एंटिटी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों के कार्यान्वयन की लगातार निगरानी करेगी और यदि आवश्यक हो तो उनमें सुधार करेगी।

**दिशानिदेश लेख**

(1) विनियमित एंटिटी का एमएल/टीएफ जोखिम मूल्यांकन के भीतर एएमएल/सीएफटी संसाधनों के आवंटन के लिए गाइड के रूप में कार्य करता है।

(2) उपर्युक्त खंड (क) (iii) (खख) (2) के संदर्भ में जब कोई घटना घटित होती है, जो पॉलिसी द्वारा कवर की जाती है, जब बीमित व्यक्ति को पॉलिसी की आय का भुगतान करने की स्थिति में लाभार्थी, जिन्हें भुगतान किया जाएगा, स्थानीय व्यक्ति, विधिक व्यक्ति, विधिक व्यवस्था, या व्यक्तियों की श्रेणी हो सकती है।

## अध्याय IV

### ग्राहक जोखिम आकलन

व्यावसायिक जोखिमों का आकलन करते समय पहचाने गए जोखिमों का उपयोग ग्राहक जोखिम मूल्यांकन के लिए किया जाएगा। ग्राहक जोखिम मूल्यांकन मापदंडों, या अधो निर्दिष्ट प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। ग्राहक जोखिम मूल्यांकन के परिणाम का उपयोग ग्राहक की जोखिम रेटिंग को एमएल/टीएफ जोखिमों के अनुपात में उच्च, मध्यम या निम्न के रूप में निर्दिष्ट करने के लिए किया जाएगा।

**4.1. ग्राहक धन शोधन विरोधी जोखिमों का आकलन**

(क)विनियमित एंटिटी निम्नांकित कार्य करेगी:

(i) प्रत्येक ग्राहक का जोखिम-आधारित मूल्यांकन करना; तथा

(ii) ग्राहक को एमएल/टीएफ जोखिमों के अनुपात में जोखिम रेटिंग प्रदान करना।

(ख) उपर्युक्तखंड (क) में संदर्भित ग्राहक जोखिम मूल्यांकन, नए ग्राहकों के लिए ग्राहक यथोचित कर्मठतासे पूर्व और मौजूदा ग्राहकों के लिए, जहां विनियमित एंटिटी अन्यथा आवश्यक महसूस करती है, पूरा किया जाएगा।

(ग) उपर्युक्तखंड 4.1 (क) (i) के अधीन मूल्यांकन करते समय,विनियमित एंटिटी निम्नांकित करेगी:

(i) ग्राहक और लाभकारी स्वामी की पहचान, यदि कोई हो;

(ii) व्यावसायिक संबंध के उद्देश्य और इच्छित प्रकृति के बारे में जानकारी प्राप्त करना;

(iii) ग्राहक के व्यवसाय की प्रकृति के बारे में जानकारी प्राप्त करना और उस पर विचार करना;

(iv) जहां भी लागू हो, ग्राहक की प्रकृति, उसके स्वामित्व, नियंत्रण संरचना और उसके लाभकारी स्वामित्व का ध्यान रखना;

(v) विनियमित एंटिटी के साथ ग्राहक के व्यावसायिक संबंधों की प्रकृति को ध्यान में रखना;

(vi) ग्राहक के मूल देश, निवास, राष्ट्रीयता, निगमन के स्थान या व्यवसाय के स्थान को ध्यान में रखना;

(vii) प्रासंगिक उत्पाद, सेवा या लेन-देन को ध्यान में रखें; तथा,

(viii) ऐसे लाभार्थी के किसी भी लाभकारी स्वामी, यदि वह ग्राहक को जीवन बीमा या अन्य समान पॉलिसी प्रदान कर रहा है, सहित पॉलिसी के लाभार्थी को ध्यान में रखना।

4.2. **कारक जो उच्च एमएल/टीएफ जोखिम दर्शाते हैं**

यह आकलन करते समय कि किसी विशेष स्थिति में एमएल/टीएफ का उच्च जोखिम है या नहीं, विनियमित एंटिटी अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेगी:

**(क) ग्राहक जोखिम**

(i) क्या ग्राहक उच्च जोखिम वाले व्यवसायों / कार्यकलापों / क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से हैं जिनकी इसके द्वारा पहचान की जाएगी;

(ii) क्या विधिक व्यक्ति या विधि व्यवस्था की स्वामित्व संरचना असामान्य या अत्यधिक जटिल प्रतीत होती है;

(iii) क्या व्यावसायिक संबंध असामान्य परिस्थितियों (उदाहरण के लिए,विनियमित एंटिटी और ग्राहक के मध्य महत्वपूर्ण अस्पष्टीकृत भौगोलिक दूरी) में संचालित होते हैं;

(iv) क्या कंपनियों के पास नामित शेयरधारक हैं या वाहक के रूप में शेयर हैं;

(v) क्या विधिक व्यक्ति या विधिक व्यवस्था व्यक्तिगत संपत्ति रखने वाले वाहन हैं; तथा,

(vi) क्या व्यवसाय की प्रकृति को देखते हुए ग्राहक की कारपोरेट संरचना असामान्य या अत्यधिक जटिल है।

**(ख) देश या भौगोलिक जोखिम**

(i) क्याविनियमित एंटिटी जिन देशों या क्षेत्राधिकारों के संपर्क में है, या तो अपनी कार्यकलापों के माध्यम से (जहां इसकी शाखाएं और सहायक कंपनियां संचालित होती हैं) या उनके ग्राहकों की कार्यकलाप (संपर्की खाता संबंधों के विनियमित एंटिटी के नेटवर्क सहित) अपेक्षाकृत अधिक हैं एफएटीएफ द्वारा पहचाने गए भ्रष्टाचार के स्तर, संगठित अपराध या अपर्याप्त ईमएल/सीएफटी उपाय;

(ii) क्या किसी विश्वसनीय निकाय द्वारा देशों या क्षेत्राधिकारों की पहचान भ्रष्टाचार, आतंकवाद के वित्तपोषण या अन्य आपराधिक कार्यकलापों के महत्वपूर्ण स्तर के रूप में की जाती है;

(iii) क्या देशों या क्षेत्राधिकारों की पहचान विश्वसनीय स्रोतों द्वारा की जाती है, जैसे कि पर्याप्त एएमएल/सीएफटी सिस्टम नहीं होने के कारण आपसी मूल्यांकन या विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट या प्रकाशित अनुवर्ती रिपोर्ट;

(iv) क्या देशों या क्षेत्राधिकारों में एमएल/टीएफ का मुकाबला करने के लिए प्रभावी प्रणाली नहीं है; या एफएटीएफ अनुशंसाओं के अनुरूप एएमएल/सीएफटी उपायों को लागू नहीं करना;

(v) क्या देश या क्षेत्राधिकार अंतरराष्ट्रीय संगठनों या भारत द्वारा जारी प्रतिबंधों, प्रतिबंधों या इसी तरह के उपायों के अधीन हैं;

(vi) क्या देश या क्षेत्राधिकार आतंकवाद का वित्तपोषण या समर्थन कर रहे हैं; तथा,

(vii) क्या देशों या क्षेत्राधिकारों में ऐसे संगठन जिन्हें भारत, अन्य देशों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित किया गया है, अपने क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

**(ग) <u>उत्पाद, सेवा, लेन-देन या वितरण चैनल जोखिम कारक</u>**

(i) क्या सेवा में निजी बैंकिंग शामिल है;

(ii) क्या उत्पाद, सेवा या लेन-देन वह है जो गुमनामी का पक्ष ले सकता है;

(iii) क्या स्थिति में पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना रुबरू व्यापार संबंध या लेन-देन शामिल हैं;

(iv) क्या प्राप्त भुगतान अज्ञात या असंबद्ध तृतीय पक्षों से हैं;

(v) क्या प्रस्तावित सेवाएं नामांकित निदेशकों, नामित शेयरधारकों या किसी अन्य देश में कंपनियों के गठन के संबंध में हैं; तथा

(vi) क्या कोई गुमनाम लेन-देन है या कोई लेन-देन है जिसमें बार-बार भुगतान शामिल है, जो अज्ञात या असंबद्ध तृतीय पक्षों से प्राप्त होता है।

जोखिम कारकों का आकलन करते समय,विनियमित एंटिटी यह ध्यान में रखते हुए समग्र जोखिम की जांच करेगी कि अकेले एक या अधिक जोखिम कारकों की उपस्थिति हमेशा किसी विशेष स्थिति में एमएल/टीएफ के उच्च जोखिम का संकेत नहीं दे सकती है।

**4.3. <u>कारक जो कम एमएल/टीएफ जोखिम दर्शाएंगे</u>**

किसी विशेष स्थिति में एमएल/टीएफ का कम जोखिम है या नहीं, इसका आकलन करते समय, विनियमित एंटिटी को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए:

**(क) ग्राहक जोखिम कारकों सहित, जिसमें ग्राहक निम्नांकित है नहीं:**

(i) सरकारी एंटिटी;

(ii) स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियां और प्रकटीकरण अपेक्षाओं के अध्यधीन (या तो स्टॉक एक्सचेंज नियमों द्वारा या विधि या प्रवर्तनीय माध्यमों द्वारा), जो लाभकारी स्वामित्व की पर्याप्त पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षाओं को लागू करती हैं।

(iii) भारत के बाहर निगमित या स्थापित विनियमित वित्तीय संस्थान जो एफएटीएफ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप एएमएल/सीएफटी अपेक्षाओं के अनुपालन के अध्यधीन और पर्यवेक्षणाधीन हैं।

(iv) उपर्युक्तउप-खंड (iii) में संदर्भित विनियमित वित्तीय संस्थान की सहायक,कंपनी यदि मूल एंटिटी पर लागू होने वाला कानून यह सुनिश्चित करता है कि सहायक भी अपनी मूल एंटिटी के समान एएमएल मानकों का पालन करता है;

(v) किसी सार्वजनिक निकाय या सार्वजनिक स्वामित्व वाला उद्यम;

(vi) कम जोखिम वाले भौगोलिक क्षेत्र में स्थापित या पंजीकृत निवासी;

**(ख) उत्पाद, सेवा, लेन-देन या वितरण चैनल जोखिम कारक, जिसमें उत्पाद या सेवा शामिल है:**

(i) बीमा का अनुबंध जो गैर-जीवन बीमा है;

(ii) बीमा का एक अनुबंध जो एक जीवन बीमा उत्पाद है जिसमें कोई निवेश वापसी या मोचन या समर्पण मूल्य नहीं है;

(iii) एक पेंशन योजना के लिए एक बीमा पॉलिसी जो प्रारंभिक समर्पण विकल्प प्रदान नहीं करती है और संपार्श्विक के रूप में उपयोग नहीं की जा सकती है;

(iv) बीमा का एक अनुबंध जो एक पुनर्बीमा अनुबंध है जो एक बीमाकर्ता द्वारा दिया जाता है जो एक विनियमित वित्तीय संस्थान है;

(v) एक पेंशन, सेवानिवृत्ति या इसी तरह की योजना जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करती है:

(कक) योजना कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करती है;

(खख) योजना में योगदान मजदूरी से कटौती के माध्यम से किया जाता है; तथा

(गग) योजना के नियम किसी सदस्य के हित के असाइनमेंट की अनुमति नहीं देते हैं।

(vi) ऐसा उत्पाद जहां एमएल/टीएफ जोखिम अन्य कारकों जैसे लेन-देन की सीमा या स्वामित्व की पारदर्शिता द्वारा पर्याप्त रूप से प्रबंधित किया जाता है; तथा

(vii) वित्तीय उत्पाद या सेवाएं जो कुछ प्रकार के ग्राहकों को उचित रूप से परिभाषित और सीमित सेवाएं (उदाहरण के लिए, वित्तीय समावेशन उद्देश्यों के लिए ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने के लिए) प्रदान करती हैं।

जोखिम कारकों का आकलन करते समय, विनियमित एंटिटी यह ध्यान में रखते हुए समग्र जोखिमों की जांच करेगी कि अकेले एक या अधिक जोखिम कारकों की उपस्थिति हमेशा किसी विशेष स्थिति में एमएल/टीएफ का कम जोखिम का संकेत तो नहीं दे रही है।

**4.4. <u>निम्नलिखित मामलों में व्यावसायिक संबंध स्थापित नहीं होने चाहिए:</u>**

विनियमित एंटिटी निम्नलिखित मामलों में ग्राहक, जो विधिक व्यक्ति या विधिक व्यवस्था है, के साथ व्यावसायिक संबंध स्थापित नहीं करेगी:-

(क) जहां ग्राहक का स्वामित्व या नियंत्रण व्यवस्था विनियमित एंटिटी को ग्राहक के एक या अधिक लाभकारी स्वामियों की पहचान करने से रोकती है;

(ख) जहां गुमनाम खाते हैं, फर्जी नामों में खाते हैं, या नामित खाता है जो किसी व्यक्ति के नाम पर है, लेकिन किसी अन्य व्यक्ति के लाभ के लिए नियंत्रित या धारित है, जिसकी पहचानविनियमित एंटिटी को नहीं बताई गई है ; या

(ग) फर्जी वित्तीय संस्थान।

**<u>ग्राहक जोखिम मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शन नोट</u>**

(1) जोखिम मूल्यांकन के लिए प्रत्येक ग्राहक को एक उपयुक्त जोखिम रेटिंग आवंटित करने के लिए विनियमित एंटिटी की आवश्यकता होती है। जोखिम रेटिंग वर्णनात्मक होनी चाहिए, जैसे "निम्न", "मध्यम" या "उच्च"। एमएल/टीएफ जोखिम मूल्यांकन का परिणाम ग्राहक यथोचित कर्मठता की डिग्री तय करता है जिसे निष्पादित करने की आवश्यकता है। उच्च जोखिम वाले ग्राहक के लिए, विनियमित एंटिटी सामान्य सीडीडी के अतिरिक्त उन्नत सीडीडी उपाय करेगी। कम जोखिम वाले ग्राहक के लिए, विनियमित एंटिटी सरलीकृत सीडीडी कर सकती है। किसी अन्य ग्राहक के लिए,विनियमित एंटिटी सामान्य सीडीडी कर सकती है।

(2) जहां सीडीडी के हिस्से के रूप में प्राप्त जानकारी ग्राहक की जोखिम रेटिंग को बदल देती है, ऐसे परिवर्तन को उसके सीडीडी में दर्शाया जाना चाहिए

## अध्याय-V

## ग्राहक यथोचित कर्मठता

5.1. विनियमित एंटिटी प्रत्येक ग्राहक को उनके एएमएल/सीएफटी जोखिमों के अनुपात में जोखिम रेटिंग प्रदान करने के बाद, ग्राहक से उचित सावधानी बरतेंगी। सीडीडी का कार्य करते समय, विनियमित एंटिटी निम्नांकित संपन्न करेगी :-

(i) सभी ग्राहकों के संबंध में, एएमएल/सीएफटी 5.4 के अधीन दिए गए विवरण के अनुसार ग्राहक उचित सावधानी उपाय अपनाना;

(ii) ग्राहक जिसे 'उच्च जोखिम' सौंपा गया है, के संबंध में खंड 5.4 के अधीन विस्तृत सीडीडी उपायों के अलावा, खंड 5.6 के अधीन विस्तृत ग्राहक यथोचित कर्मठता उपायों को अपनाना; तथा,

(iii) ऐसे ग्राहक के संबंध में जिसे 'कम जोखिम' सौंपा गया है, खंड 5.4 के अधीन विस्तृत ग्राहक यथोचित कर्मठता प्रक्रिया को संशोधित करके खंड 5.7 के अधीन विस्तृत रूप से सरल ग्राहक यथोचित कर्मठताउपाय करना।

**5.2. सीडीडी का समय**

(ए) विनियमित एंटिटी खंड 5.3 और 5.4 में अन्यथा उपबंधित को छोड़कर, निम्नांकित में ग्राहक यथोचित कर्मठता अपनाएगी: -

(i) व्यापार संबंध स्थापित करते समय, जैसा कि खंड 5.4.1 (ए) से (सी) के अधीन अनिवार्य है; तथा,

(ii) व्यावसायिक संबंध स्थापित करने के बाद, जैसा कि खंड 5.4.1 (घ) के अधीन अनिवार्य है।

(ख) विनियमित एंटिटी ग्राहक की उचित जांच भी करेगी यदि, किसी भी समय ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है:

(i) किसी मौजूदा ग्राहक के संबंध में, यह ग्राहक यथोचित कर्मठताके उद्देश्यों के लिए प्राप्त दस्तावेजों, डेटा या जानकारी की सत्यता या पर्याप्तता पर संदेह होता है;

(ii) इसे एमएल/टीएफ का संदेह होता है; या,

(iii) ग्राहक की जोखिम-रेटिंग में परिवर्तन होता है, या ग्राहक की परिस्थितियों में भौतिक परिवर्तन के कारण यह अन्यथा आवश्यक होता है।

5.3. सत्यापन से पहले व्यावसायिक संबंध स्थापित करना

(क) विनियमित एंटिटी निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन, खंड 5.4.1 के अधीन आवश्यक सत्यापन पूरा करने से पहले ग्राहक के साथ व्यावसायिक संबंध स्थापित कर सकती है:

(i) ग्राहक या लाभकारी स्वामी के सत्यापन के पूरा होने का आस्थगन आवश्यक है ताकि व्यापार संबंध के सामान्य आचरण को बाधित न हो;

(ii) एमएल/टीएफ कार्यकलाप के घटित होने का कम जोखिम है और पहचाने गए ऐसे किसी भी जोखिम को विनियमित एंटिटी द्वारा प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है;

(iii) बैंक खाता खोलने के संबंध में, यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं कि खाता बंद नहीं है, और सत्यापन पूरा होने से पहले खाता धारक द्वारा या उसकी ओर से (धारक के खाते से किसी खाते में किसी भी भुगतान सहित) लेन-देन नहीं किया गया है); तथा

(iv) नीचे दिए गए खंड 5.3 (ख) के अधीन, प्रासंगिक सत्यापन यथा संभव जल्द से जल्द पूरा हो गया है और ऐसा किसी भी स्थिति में, व्यावसायिक संबंध स्थापित होने के बाद 30 व्यावसायिक दिनों से अधिक देरी नहीं होना चाहिए।

(ख) जहां विनियमित एंटिटी 30-दिन की आवश्यकता का अनुपालन करने में सक्षम नहीं है, वह 30-दिन की अवधि के अंत से पहले निम्नांकित संपन्न करेगी:

(i) इसके गैर-अनुपालन के कारण का दस्तावेजीकरण;

(ii) जल्द से जल्द सत्यापन पूरा करना; तथा

(iii) अपने शासी निकाय को रिपोर्ट करने के लिए गैर-

अनुपालन घटना को अभिलेख करना।

(ग) विनियमित एंटिटी ग्राहक के साथ व्यावसायिक संबंधों को निलंबित कर देगी और यदि ऐसा सत्यापन व्यावसायिक संबंध स्थापित होने के बाद 30 दिनों तक अधूरा रहता है, आगे के लेन-देन (उनके स्रोतों को धन वापस करने के अलावा, जहां तक संभव हो) करने से परहेज करेगी। .

(घ) यदि व्यावसायिक संबंध स्थापित होने के बाद 120 दिनों तक ऐसा सत्यापन अधूरा रहता है, तो विनियमित एंटिटी ग्राहक के साथ व्यावसायिक संबंध समाप्त कर देगी।

(ङ) विनियमित एंटिटी यह सुनिश्चित करेगी कि उसके एएमएल/सीएफटी सिस्टम और ऊपर **खंड** 3.3 में संदर्भित नियंत्रणों में आंतरिक जोखिम प्रबंधन नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जिसके अधीन सत्यापन पूरा करने से पहले ग्राहक के साथ ऐसे व्यावसायिक संबंध स्थापित किए जा सकते हैं और यह अपनी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों में उपर्युक्त समय-सीमा का कारक भी होना चाहिए।

**दिशानिदेश लेख:** -

(1) उन स्थितियों के उदाहरण जो विनियमित एंटिटी को पहले प्राप्त किए गए दस्तावेजों, डेटा या जानकारी की सत्यता या पर्याप्तता के बारे में संदेह करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, हो सकता है कि उस ग्राहक के संबंध में एमएल / टीएफ का संदेह हो, या जहां ग्राहक के खाते के संचालन के तरीके में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है, जो ग्राहक की व्यावसायिक प्रोफ़ाइल के अनुरूप नहीं है, या जहां विनियमित एंटिटी को यह प्रतीत होता है कि ग्राहक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति वास्तविक ग्राहक है।

(2) उन परिस्थितियों के उदाहरण जहां व्यापार संबंध की स्थापना के बाद सत्यापन को पूरा करने की अनुमति होगी, क्योंकि व्यवसाय के सामान्य संचालन को बाधित नहीं करना आवश्यक होगा, इसमें निम्नांकित शामिल हो सकते हैं:

(i) बेरुबरू व्यवसाय।

(ii) प्रतिभूति लेन-देन।

प्रतिभूति बाजार में, कंपनियों और मध्यस्थों को बाजार की स्थितियों के आधार पर बिना देरी के लेन-देन करने की आवश्यकता हो सकती है, और ऐसी परिस्थितियों में, पहचान के सत्यापन के पूरा होने से पहले लेन-देन के निष्पादन की आवश्यकता हो सकती है। ऐसी ही परिस्थितियां हो सकती हैं जहां ग्राहक तत्काल बीमा कवर की मांग करता है।

(3) यदि विनियमित एंटिटी खंड 5.4 के अधीन अपेक्षित ग्राहक यथोचित कर्मठता को पूरा करने में सक्षम नहीं है, तो वह किसी भी ग्राहक के साथ व्यावसायिक संबंध शुरू या जारी नहीं रखेगी या किसी भी ग्राहक के लिए कोई लेनदेन नहीं करेगी। निर्धारित समय सीमा में ग्राहक की उचित सावधानी को पूरा करने में विफलता के मामले में, विनियमित एंटिटी खंड 5.10 के तहत निर्दिष्ट उचित उपाय लागू करेगी। यदि परिस्थितियाँ संदिग्ध हों तो विनियमित एंटिटी एसटीआर दाखिल करने पर भी विचार करेगी।

(4) विनियमित एंटिटी खंड 5.3 के अधीन निर्दिष्ट मामलों में जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को भी अपनाएगी। इन प्रक्रियाओं में उपायों का एक सेट, जैसे कि संख्या, प्रकार और/या लेनदेन के मूल्य की सीमा शामिल होगा, जिसे निष्पादित किया जा सकता है। प्रक्रियाओं में उस प्रकार के संबंध के लिए अपेक्षित मानदंडों के बाहर किए जा रहे बड़े या जटिल लेनदेन की निगरानी भी शामिल होगी। ऐसी स्थितियों में, जब तक सत्यापन पूरा नहीं हो जाता,विनियमित एंटिटी कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेगी।

**5.4. ग्राहक यथोचित कर्मठता अपेक्षाएं**

**5.4.1 ग्राहक यथोचित कर्मठता संपन्न करना (सीडीडी)**

विनियमित एंटिटी द्वारा खंड 5.1.(क) (i) के अधीन अपेक्षित ग्राहक यथोचित कर्मठता बरतने में, निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे: -

(क) विश्वसनीय, स्वतंत्र स्रोत दस्तावेजों, डेटा या जानकारी का उपयोग करके ग्राहक की पहचान करना और उस ग्राहक की पहचान की पुष्टि करना।

(ख) लाभकारी स्वामी की पहचान करना और लाभकारी स्वामी की पहचान को सत्यापित करने के लिए उचित उपाय इस तरह से करना कि विनियमित एंटिटी इस बात से संतुष्ट हो जाए कि वह यह जानता है कि लाभकारी स्वामी कौन है। इसी तरह, विधिक व्यक्तियों और व्यवस्थाओं के लिए, सीडीडी में विनियमित एंटिटी शामिल होगी जो ग्राहक के व्यवसाय की प्रकृति, उसके स्वामित्व और नियंत्रण संरचना को समझने के लिए उचित कदम उठाएगी।

(ग) व्यापार संबंधों के उद्देश्यात्मक और और इच्छित स्वरूप को समझना और उस बारे में जानकारी प्राप्त करना।

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापार संबंधों पर जारी समुचित कर्मठता का संचालन करना और व्यापार संबंधों के दौरान किए गए लेन-देन की जांच करना कि किए जा रहे लेन-देन ग्राहक, ग्राहक के व्यवसाय और जोखिम प्रोफाइल के विनियमित एंटिटी के ज्ञान के अनुरूप हैं, जिसमें जहां आवश्यक हो, धन का स्रोत शामिल हैं।

**5.4.2. ग्राहक की पहचान**

(क) यदि कोई ग्राहक स्थानीय व्यक्ति है, तो विनियमित एंटिटी को

कम से कम निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करनी होगी:

(i) किसी भी उपनाम सहित पूरा नाम;

(ii) विशिष्ट पहचान संख्या (जैसे पहचान पत्र संख्या, पासपोर्ट संख्या, आदि);

(iii) जन्म तिथि;

(iv) राष्ट्रीयता;

(v) विधिक अधिवास;

(vi) वर्तमान आवासीय पता; (डाकघर के बॉक्स पते के अलावा);

(vii) संपर्क विवरण जैसे व्यक्तिगत, कार्यालय या काम के दूरभाष नंबर।

(ख) यदि कोई ग्राहक विधिक व्यक्ति या विधिक व्यवस्था है, तो विनियमित एंटिटी कम से कम निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करेगी:

(i) पूरा नाम और कोई भी व्यापारिक नाम;

(ii) विशिष्ट पहचान संख्या (अर्थात, कर पहचान संख्या या समकक्ष जहां यह मौजूद है, निगमन संख्या या व्यवसाय पंजीकरण संख्या);

